जीवीएम की छात्राओं को दिलाई गई राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ
*भारत सरकार के एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत हुआ आयोजन

सोनीपत, 13 फरवरी। जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्राओं को गुरुवार को राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाये रखने की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह के सफल आयोजन पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने बधाई दी। साथ ही उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे अपने राष्ट्र की मजबूती के लिए सदैव सक्रिय योगदान दें। भारत सरकार के एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत जीवीएम में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। जीवीएम में स्थापित एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रकोष्ठ के संयोजन में सैंकड़ों छात्राओं ने शपथ ली। प्रकोष्ठ की संयोजक डा. मंजूला सपाह ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह नियमित रूप से माह में दो बार आयोजित करना है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम की आज शुरुआत की गई है, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जीवीएम की छात्राओं ने शपथ ली कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगी। अपने देशवासियों के बीच यही संदेश फैलाने का प्रयत्न करेंगी। छात्राओं ने शपथ ली कि वे एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने देश की अखंडता और संप्रभुता के प्रति सदैव तन-मन-धन से कत्र्तव्यनिष्ठ भावना के साथ समर्पित रहेंगी। देश की आंतरिक सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की संयोजक डा. मंजूला सपाह ने कहा कि मानव संसाधान मंत्रालय, भारत सरकार की एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के रूप में अनूठी पहल है। अभियान के तहत हरियाणा को तेलंगाना राज्य के साथ जोड़ा गया है। दोनों राज्य आपस में सांस्कृतिक आदान-प्रदान करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के सफल आयोजन में एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रकोष्ठ की सदस्य प्राध्यापिकाओं ने भी विशेष योगदान दिया। इनमें रूचिका विरमानी, प्रियंका, पूजा गुलाटी, अनीता राणा और रेनू पोपली शामिल हैं।